तापमान

अधिकतम 25 डिग्री

न्यूनतम 13 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार 3 दिसंबर 2025

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]



अस्पतालों में धूल फांक रही 58 सीबीसी मशीनें 4




## खबर संक्षेप

### 6 वीं प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 13 को

**बैकुण्ठपुर।** जवाहर नवोदय विद्यालय केनापारा बैकुंठपुर के प्राचार्य के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा कक्षा 6 वीं सत्र 2026-27 में प्रवेश के लिए आवेदन किए गए अभ्यार्थी अपना प्रवेश पत्र नवोदय विद्यालय के वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं। जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 13 दिसंबर को प्रातः 11.30 बजे कोरिया जिले के 5 एवं एमसीबी जिले के कुल 11 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित होगी। प्रवेश पत्र नहीं होने पर परीक्षा में समिलित नहीं होने दिया जाएगा।

### युवक के हाथ पैर की उंगली समेत दूसरे अंगो को काटकर जला दी लाश

**कोरबा।** एक 40 से 45 वर्षीय युवक की बेरहमी से हत्या की गई है। हत्यारों ने उसके चारों हाथ पैर के उंगलियों को काटने के बाद उसके गुप्तांग को भी काट दिया है और उसकी पहचान छुपाने के लिए लाश को जला दिया गया है। लाश मिलने की सूचना पर पुलिस के आला अधिकारियों की टीम व फॉरेंसिंक एक्सपर्ट की टीम व खोजी डाग बाघा के साथ पुलिस की टीम मामले की तहकीकात में जुटी हुई है। जब तक युवक की शिनाख्त नहीं हो जाती तब तक पुलिसया जांच रफ्तार नहीं पकड़ेगी। इसलिए पुलिस फिलहाल मृत युवक की पहचान कार्यवाही में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार करतला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ग्राम पंचायत औराई में उस समय सनसनी फैल गई जब गांव के खेत में अज्ञात व्यक्ति का अधजला शव बरामद हुआ। लाश मिलने की सूचना पर करतला पुलिस मौके पर पहुंची और क्षेत्र को घेराबंदी कर साक्ष्य जुटाने शुरू किए। पुलिस फॉरेंसिक व खोजी डाग बाघा की मदद से घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर पुलिस साक्ष्यों को जुटाई है। प्रारंभिक जांच के दौरान जो बात सामने आई है हत्यारों ने युवक की बेरहमी से हत्या की है और उसके दोनों हाथ और पैर के उंगलियों को काटने के अलावा उसके गुप्तांग को काट दिया है और जंगल में उसके लाश को ले जाकर ठिकाना लगाया गया है। उसकी पहचान न हो सके इसके लिए लाश को भी जला दिया गया है। पुलिस के मुताबिक यह घटना चार से पांच दिन पुरानी बतायी जा रही है। पुलिस का कहना है कि शिनाख्ती के बाद ही घटना की दिशा स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल हत्या, रंजिश या किसी अन्य आपराधिक वारदात की आशंका से इनकार नहीं किया गया है। फिलहाल पुलिस मृत युवक की पहचान हो सके इसके लिए जिला सहित आसपास के पड़ोसी जिलों को भी उसकी फोटो भेजी गई है।

### सूर्यघर योजनाः वेंडरों से मिलेगी जानकारी

**बैकुण्ठपुर।** प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत जिले में अधिक से अधिक लोगों को लाभ दिलाने के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने बिजली विभाग को तत्परता से पहल करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि योजना का लाभ लेने वाले लोगों को अधिकृत वेंडरों के नाम और संपर्क नंबर तुरंत उपलब्ध कराए जाएं, ताकि हितग्राही सीधे उनसे संपर्क कर सकें और प्रक्रिया में तेजी आए। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के लिए जिले में काफी संख्या में लोग ऑनलाइन पंजीयन करा रहे हैं। हितग्राहियों की सुविधा के लिए जिला प्रशासन द्वारा अधिकृत वेंडरों की सूची एवं उनके संपर्क नंबर जारी किए गए हैं। इन वेंडरों द्वारा जिले में प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के तहत सोलर पैनल इंस्टालेशन का कार्य किया जा रहा है। इसके साथ इस कार्य में और तेजी लाई जाएगी। जिला प्रशासन को उम्मीद है कि वेंडरों के संपर्क विवरण उपलब्ध होने से योजना का क्रियान्वयन और भी तेज तथा सुगम होगा, जिससे अधिक से अधिक परिवार मुफ्त बिजली योजना का लाभ ले सकेंगे।

वर्षाऋतु में दृश्य होता है भव्य व मनोहारी

घने जंगलों के बीच है स्थित, काफी संख्या में पहुंचते हैं पर्यटक

# कर्म घोंघा जलप्रपात : प्राकृतिक सौंदर्य और अध्यात्मिक विरासत का है केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

एमसीबी जिले के घने जंगलों और ऊंची पहाड़ियों के बीच स्थित कर्म घोंघा जलप्रपात इन दिनों जिले का प्रमुख आकर्षण बना हुआ है। हसिया नदी का लगभग 100 फीट ऊंचाई से गिरता जलप्रपात अपने प्राकृतिक सौंदर्य, शांत वातावरण और फुहारों की मधुर अनुभूति से पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर रहा है। वर्षा ऋतु में इसका भव्य दृश्य और अधिक मनोहारी हो जाता है।

जलप्रपात के समीप स्थित कर्मघोघेश्वर धाम इस स्थल की धार्मिक महत्ता को और बढ़ाता है। वर्ष 1986 में कटनी (म.प्र.) के कैलाश नारायण श्रीवास्तव द्वारा निर्मित यह मंदिर परिसर भगवान शिव, हनुमान जी और मां दुर्गा की प्रतिमाओं से सुशोभित है। महाशिवरात्रि पर कोरिया -एमसीबी जिले सहित पड़ोसी अनूपपुर (म.प्र.) से काफी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। पर्यटन/पुरातत्व अधिकारी डॉ. विनोद पांडेय ने बताया कि कर्म घोंघा क्षेत्र प्राकृतिक और सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत समृद्ध है। पक्की सड़क निर्माण के बाद यहां पर्यटकों की आवाजाही तेजी से बढ़ी है, जिससे इसे एक संगठित पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना आवश्यक हो गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि यहां बुनियादी सुविधाएं सुरक्षित पाथवे, व्यू-पॉइंट, संकेतक बोर्ड, पेयजल, पार्किंग, सुरक्षा प्रबंधन और स्वच्छ शौचालय उपलब्ध कराए जाएं तो यह स्थल जिले के पर्यटन मानचित्र पर एक नई पहचान बनाएगा। इसके साथ ही ट्रेकिंग, नेचर वॉक, रॉक क्लाइम्बिंग, फोटोपॉइंट और पिकनिक जोन जैसी गतिविधियां इसे और आकर्षक बना सकती हैं।







संगठित पर्यटन विकास से स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार, महिलाओं के लिए स्वरोजगार और दुकानों गाइड सेवाओं जैसी संभावनाएं भी बढ़ेंगी। साथ ही प्लास्टिक-मुक्त क्षेत्र, कचरा प्रबंधन और जल वन संरक्षण जैसी व्यवस्थाएं इसे एक टिकाऊ इको-टूरिज्म साइट के रूप में स्थापित कर सकती हैं। कर्म घोंघा जलप्रपात मात्र एक पिकनिक स्पॉट नहीं, बल्कि प्रकृति, संस्कृति और अध्यात्म का संगम है। प्रशासन, पर्यटन विभाग और स्थानीय समुदाय के संयुक्त प्रयासों से यह स्थल जिले का सबसे आकर्षक पर्यटन केन्द्र बन सकता है।

ग्रामीणों में दहशत का माहौल, वन विभाग ने बनाई नजर

# बैकुंठपुर क्षेत्र पहुंचा 11 हाथियों का दल

**बैकुंठपुर/कटगोड़ी।** कोरिया जिले के देवगढ़ रेंज के वन परिक्षेत्र में 11 हाथियों का दल लगातार मूवमेंट कर रहा है। यह दल विशुनपुर होते हुए ग्राम पंचायत दामूज के पास दुधनिया क्षेत्र से लगा और सेमरखाड़, हरियर तथा आसपास के छग प्लांटेशन क्षेत्र में डेरा जमाए हुए हैं।

रात के समय हाथियों के गांवों की ओर बढ़ने की आशंका के चलते ग्रामीण दहशत में हैं और पूरी रात जागकर गश्त करने को विवश हैं। वन विभाग के कर्मचारियों ने अलर्ट जारी करते हुए ग्रामीणों से अपील की है कि हाथियों से सुरक्षित दूरी बनाए रखें, किसी प्रकार की छेड़छाड़ न करें और रात के समय जंगल की ओर न जाएं। हाथियों की लगातार गतिविधि से आसपास के गांवों में भय का माहौल बना हुआ है। वन विभाग स्थिति पर निगरानी बनाए हुए हैं। वहीं 11 सदस्यीय हाथियों की लगातार मौजूदगी से क्षेत्र में तनाव और भय का वातावरण बना हुआ है। ग्रामीणों ने वन विभाग से अतिरिक्त पेट्रोलिंग और सुरक्षा उपाय बढ़ाने की मांग की है।



विचरण कर रहा हाथी।

### रतजगा कर रहे ग्रामीण

कोरिया जिले के देवगढ़ रेंज के बैकुंठपुर वन परिक्षेत्र में इन दिनों 11 हाथियों का दल लगातार मूवमेंट कर रहा है। हाथियों की आवाजाही ग्राम विशुनपुर, दामूज, दूधनिया और सेमरखाड़ के आसपास देखी जा रही है, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। रात के समय हाथियों के गांवों की ओर बढ़ने की आशंका से ग्रामीण पूरी रात जगा-जगा कर निगरानी (नाइट पेट्रोलिंग) कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि हाथियों का दल खेतों और आसपास के जंगल क्षेत्रों में घूम रहा है, जिससे फसल और घरों को नुकसान की आशंका बढ़ गई है।

### ग्रामीणों को सर्तक कर रहा विभाग

वन विभाग कोरिया की टीम द्वारा लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है और ग्रामीणों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे भीड़ इकट्ठी न करें, हाथियों के निकट न जाएं और किसी भी स्थिति की जानकारी तुरंत बीटगार्ड या वन अमले को दें।

# बिना लाइसेंस धान खरीदी, 40 बोरी जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

धान उर्पाजन प्रणाली को पारदर्शी और सुरक्षित बनाने के लिए प्रशासन द्वारा की जा रही सतत निगरानी के बीच पटना क्षेत्र में एक बड़ी कार्रवाई की गई है।

■ गोदाम सील

ग्राम पटना के गायत्री चौक में स्थित प्रदीप साहू की दुकान में बिना लाइसेंस अवैध रूप से धान खरीदी की जा रही थी। सूचना मिलने पर पहुंची जांच टीम ने मौके से 40 बोरी धान जब्त किया। अधिकारियों ने अवैध खरीदी की पुष्टि होने पर दुकान में रखे गोदान को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया। टीम द्वारा दुकान संचालक से आवश्यक दस्तावेजों की मांग की गई, परंतु वैध लाइसेंस और खरीदी संबंधी रिकॉर्ड प्रस्तुत नहीं किए जा सके। प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि जिले में धान खरीदी को सुव्यवस्थित रखने तथा किसानों के हितों की रक्षा के लिए अवैध धान खरीदी पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। अनाधिकृत खरीदी-फरोख्त में संलिप्त व्यक्तियों पर कठोर कानूनी कदम उठाए जाएंगे। इस कार्रवाई से क्षेत्र में संदेश गया है कि उपार्जन व्यवस्था को प्रभावित करने वाली किसी भी गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासन ने किसानों से भी अपील की है कि वे अपना धान केवल वैध उपार्जन केन्द्रों में ही बेचें।



### धौरा टिकिरा में 27 बोरी रिजेक्ट, जामपारा में 14 क्विंटल धान जब्त

जिले में धान खरीदी प्रक्रिया को पारदर्शी और सुव्यवस्थित बनाए रखने के लिए प्रशासन द्वारा निरंतर सघन जांच की जा रही है। इसी क्रम में मंगलवार को जिले के विभिन्न स्थानों पर अवैध एवं मानक से बाहर धान के मामलों में कार्रवाई की गई।

धान खरीदी केन्द्र धौराटिकिरा में जांच के दौरान 27 बोरी धान को रिजेक्ट किया गया। गुणवत्ता परीक्षण में निर्धारित मानकों पर खरा न उतरने पर समिति ने इसे खरीदी के लिए अनुपयुक्त पाया। इसी प्रकार धान खरीदी केन्द्र जामपारा में 14 क्विंटल पुराना धान पकड़ा गया। धान के पुराने होने और मानक के अनुरूप न होने के कारण इसे जब्त कर समिति के सुपुर्द किया गया। संबंधित जानकारी सपर्क ऐप में सबमिट कर दी गई है। वहीं सरभोका चौक स्थित साहू किराना स्टोर्स से लगभग 300 बोरी धान की जब्ती की गई। प्रारंभिक जांच में धान के अवैध भंडारण और बिक्री की आशंका व्यक्त की गई है। मामले को आगे की कार्रवाई के लिए संबंधित विभाग को हस्तांतरित किया जा रहा है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध रूप से धान की खरीद-बिक्री, भंडारण या पुराने धान की आपूर्ति करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे केवल अपने वैध टोकन और पंजीयन के अनुसार ही धान लेकर उपार्जन केन्द्रों में आएं।



# कन्या शाला का स्पेस लैब बना आकर्षण का केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर का स्पेस एजुकेशन लैब इन दिनों पूरे जिले में आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है।

कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में स्थापित ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला स्पेस एजुकेशन लैब का उद्घाटन बीते 7 अक्टूबर को राज्यपाल द्वारा किया गया था। उद्घाटन के बाद से ही विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा इस लैब का लगातार भ्रमण किया जा रहा है। अब तक 1500 से अधिक विद्यार्थी स्पेस लैब का भ्रमण कर चुके हैं। भ्रमण करने वाले विद्यालयों में माध्यमिक शाला पुलिस लाइन, माध्यमिक शाला भाड़ी, ठाकुर अजय सिंह विद्यालय बैकुंठपुर, माध्यमिक शाला उरूमदुगा, माध्यमिक शाला जमगहना, माध्यमिक शाला जनकपुर, माध्यमिक शाला कुड़ेली, ज्ञानकुंज तथा डीपीएस विद्यालय बैकुंठपुर के छात्र-छात्राएं शामिल हैं। विद्यालय के प्राचार्य एएल गुप्ता ने बताया कि यह स्पेस लैब छात्रों की जिज्ञासा, वैज्ञानिक सोच और नवाचार क्षमता को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। यह सुविधा विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक एवं अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में नई संभावनाओं से जोड़ रही है। स्पेस लैब के माध्यम से छात्र-छात्राएं व्यवहारिक प्रयोगों के जरिए अंतरिक्ष विज्ञान को और बेहतर ढंग से समझ पा रहे हैं।



स्पेस लैब प्रभारी श्रीमती जिज्ञासा दुबे तथा सहयोगी शिक्षिका श्रीमती अनुश्री देव द्वारा विभिन्न विद्यालयों से आए विद्यार्थियों को स्पेस लैब के अंतर्गत मौजूद विज्ञान आधारित प्रोजेक्ट, रॉकेट मॉडल, सैटेलाइट डेमो, टेलीस्कोप, थ्री डी प्रिंटर, वर्चुअल रियलिटी उपकरण, रोबोट एवं मॉडल किट की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। लैब में मौजूद वर्चुअल रियलिटी सिस्टम विशेष आकर्षण


⏭ शेष पेज 4 पर


### कर्मचारियों की लगी अलाव जलाने ड्यूटी

**अम्बिकापुर।** नगर पालिक निगम क्षेत्रान्तर्गत निःसहाय आवासहीन, गरीब वृद्ध एवं राहगीर इत्यादि को ठंड से प्रभावित होने की संभावना है। ठंड शीतलहर से प्रभावित होने वाले जन सामान्य के बचाव हेतु चिन्हांकित स्थलों पर अलाव जलाने की समुचित व्यवस्था हेतु नगर पालिक निगम अम्बिकापुर के आयुक्त ने कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। जिसमें सुपरवाईजर सदानंद चौबे, वाहन चालक कृष्णा राम, बाबूलाल, नार सिंह, ओमप्रकाश, शिवमंगल राम, बजरंग श्रीवास, जगदम्बा, दिनु राम को नगर पालिक निगम के उप अभियंता रत्नेश कंवर के नेतृत्व में कार्य करने हेतु आदेशित किया है।

# नवनिर्वाचित सरपंचों के लिए जल जीवन मिशन पर प्रशिक्षण



**मनेन्द्रगढ़।** ग्रामीण विकास प्रशिक्षण केन्द्र मनेन्द्रगढ़ में 1 दिसंबर को नवनिर्वाचित सरपंचों के लिए आयोजित तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान जल जीवन मिशन पर विशेष सत्र आयोजित किया गया।

इस महत्वपूर्ण सत्र में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के विशेषज्ञों ने पेयजल आपूर्ति प्रणाली के संचालन, संधारण तथा ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित जल व्यवस्था की प्रक्रियाओं पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। विशेषज्ञों ने छग शासन के राजपत्र में उल्लेखित प्रावधानों, पेयजल प्रणालियों के प्रमाणीकरण एवं सत्यापन की चरणबद्ध प्रक्रिया तथा पंचायत स्तर पर आवश्यक दस्तावेजों की तैयारी को व्यवहारिक उदाहरणों के साथ समझाया। इसके साथ ही जल गुणवत्ता परीक्षण की विधि, जल प्रदूषण रोकथाम, अवसंरचना के नियमित रख-रखाव और ग्रामवासियों की सहभागिता बढ़ाने के उपायों पर चर्चा की गई। जल संरक्षण के महत्व को भी विशेष रूप से रेखांकित किया गया। सत्र में उपस्थित प्रशिक्षणार्थी सरपंचों ने पूरे उत्साह के साथ भागीदारी की और प्राप्त ज्ञान को ग्राम स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

किसानों को बिना परेशानी खरीदी सुनिश्चित करने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

# खाद्य, मार्कफेड व सहकारिता अधिकारियों को फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने जिले के 21 धान उपार्जन केन्द्रों में चल रही खरीदी व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा की। समय-सीमा बैठक से पहले आयोजित इस समीक्षा में कलेक्टर ने नोडल अधिकारियों से सीधे सवाल-जवाब कर खरीदी की वास्तविक स्थिति जानी।

कलेक्टर ने जानकारी ली कि अवैध या संदेहास्पद धान खरीदी केन्द्रों तक पहुंचने पर किस प्रकार जांच की जा रही है। उन्होंने यह भी पूछा कि धान लेकर आने वाले वाहनों और चालकों की फोटो अपलोड की जा रही है या नहीं, धान की गुणवत्ता परीक्षण कितनी पारदर्शिता से हो रहा है, तथा भूमि स्वामी के पट्टा, ऋण पुस्तिका और रकबा समर्पण की जांच कितनी सजगता से की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसानों को किसी प्रकार की समस्या न आए, यह सुनिश्चित करना हर अधिकारी और समिति प्रबंधक की जिम्मेदारी है। समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने खाद्य, मार्कफेड और सहकारिता विभाग के अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि शासन की मंशानुरूप धान खरीदी प्रक्रिया को पूर्ण पारदर्शिता और सुगमता के साथ संचालित किया जाना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी परिस्थिति में बारदाना की कमी स्वीकार नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि सरकार किसानों के एक-एक दाने की खरीदी के प्रति प्रतिबद्ध है, परंतु फर्जी, बोगस और अवैध धान खरीदी पर पूर्ण विराम लगाया जाएगा।




नोडल अधिकारियों की बैठक लेतीं कलेक्टर चंदन त्रिपाठी।

उन्होंने 15 नवंबर से अब तक केन्द्रवार खरीदी गई धान की मात्रा की भी जानकारी ली और कहा कि सभी एसडीएम और तहसीलदार फर्जी व अवैध धान बिक्री तथा परिवहन पर कड़ी नजर रखें। साथ ही यह भी निर्देश दिया कि किसानों को बिल्कुल भी परेशान न किया जाए और सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में संपन्न हों। बैठक में अपर कलेक्टर सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य, डीडी मंडावी, संयुक्त कलेक्टर अमित गुप्ता, श्रीमती दीपिका नेताम सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।


जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी मंत्री राजवाड़े

**सूरजपुर।** अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन 3 दिसम्बर को रंगमंच में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम



का उद्देश्य दिव्यांग के सशक्तिकरण को बढ़ावा देना और समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करना है। कलेक्टर एस.जयवर्धन द्वारा कार्यक्रम के आयोजन के लिए जिपं सीईओ विजेन्द्र सिंह पाटले को नोडल अधिकारी एवं श्रीमती बेनदिक्ता तिर्की, तथा विक्रम बहादुर को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही जिला स्तरीय अधिकारियों के मध्य कार्य विभाजन कर दिया गया है और सभी को कार्यक्रम की रूपरेखा के अनुरूप तैयारीयां सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े होंगी, वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता खाद्य व जिले के प्रभारी मंत्री दयाल दास बघेल द्वारा की जाएगी। कार्यक्रम में छग राज्य वन विकास निगम अध्यक्ष रामसेवक पैकरा, सांसद चिन्तामणि महाराज, विधायक भूलन सिंह मराबी, विधायक श्रीमती शकुंतला पोर्ते एवं जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती चन्द्रमणी पैकरा, जनपद अध्यक्ष श्रीमती स्वाति सिंह, जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, पार्षद, जनप्रतिनिधि सहित अन्य उपस्थित रहेंगे।

### सात दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का हुआ शुभारंभ



**करवां।** अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का शुभारंभ किया गया। संत हरिश्याम संस्कृत विद्यापीठ लटोरी में 1 से 7 दिसंबर के बीच किया जा रहा है। महोत्सव का शुभारंभ मां काली सेवा आश्रम लटोरी के सुखदेव मुनि के मुख्य आतिथ्य में किया गया। मुख्य अतिथि ने गीता के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि गीता सबसे पवित्र ग्रंथ है, इसका हर श्लोक महामंत्र है। यह हमारे जीवन जीने की शैली को सिखाता है। डॉ. एसके श्रीवास्तव ने कहा कि गीता हमें कर्मयोगी बनाने के साथ ही हर समय अच्छे कार्य को करने के लिए प्रेरित करता है। विपरीत समय में जीवन जीने की कला को सिखाता है। दिवाकर वैष्णव ने कहा कि हर छात्र को गीता पर प्रतिदिन तुलसी के पत्ती से पूजा करना चाहिए, इससे स्मरण शक्ति में वृद्धि होता है। कार्यक्रम में प्रत्येक छात्र को गीता की पुस्तक भेंट किया गया। विद्यालय के प्राचार्य रहमदिल अंसारी ने कहा कि गीता सभी धर्मो का सर्व मान्य ग्रन्थ है, इसका पूजन प्रतिदिन करना चाहिए। प्राचार्य उमाशंकर यादव ने कहा कि इस भाग दौड़ की दुनिया में गीता हमें अच्छे कार्य करने के लिए प्रेरित करता है। इस दौरान शिल्पी श्रीवास्तव, सीमा राजवाड़े, तारामानी राजवाड़े, अल्फा मरावी के अलावा सभी छात्रों ने हिस्सा लिया।

### वनस्पति विज्ञान के विद्यार्थियों ने किया नेतरहाट का शैक्षणिक भ्रमण

**रामानुजगंज।** शासकीय लरंगसाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग के स्नातकोत्तर छात्र-छात्राओं ने 30 नवंबर को विभागाध्यक्ष एसबी यादव के नेतृत्व में नेतरहाट का शैक्षणिक भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने लोअर-अपर घाघरी जलप्रपात, नाशपाती उपवन, कोयल व्यू प्वाइंट, सूर्योदय स्थल, नेतरहाट झील, वन विश्राम गृह, अरूणोदय अतिथि गृह, टीआईसी, कैफेटेरिया और डाक बंगला परिसर का अवलोकन किया और पर्वतीय वन परिस्थितिकी तथा विभिन्न पौध प्रजातियों का अध्ययन किया।

### जिले में अब तक 46 प्रकरणों 4430 क्विंटल धान और 21 वाहन जब्त

**बलरामपुर।** कलेक्टर राजेंद्र कटारा के निर्देशन में जिले में अवैध धान भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन ने सभी अंतरराज्यीय सीमाओं एवं चेक पोस्टों पर चौकसी को और मजबूत करते हुए 24 घंटे निगरानी की जा रही है। इसके तहत संदिग्ध वाहनों, परिवहन गतिविधियों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पारदर्शी एवं निष्पक्ष धान खरीदी नीति के तहत अब तक जिले में कुल 46 प्रकरण दर्ज किए गए हैं, जिनमें 4430 क्विंटल अवैध धान एवं 21 वाहनों को जब्त किया गया है।

### पीडीएस दुकान का ताला तोड़ चोर ले उड़े 14 बोरी शक्कर एवं 49 बोरी चावल

**लखनपुर।** ग्राम पंचायत लहपटरा स्थित पीडीएस दुकान का ताला तोड़ चोरों ने दुकान से 14 बोरी शक्कर एवं 49 बोरी चावल पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार पीडीएस दुकान संचालक अजय राम चौधरी ने रिपोर्ट दर्ज कराया है कि ग्राम पंचायत लहपटरा पीडीएस में बीती रात चोरों द्वारा शक्कर और चावल चोरी करके ले गए। घटना की जानकारी आज दोपहर को लगी जब महिलाओं द्वारा सूचना दिया गया कि पीडीएस दुकान की सभी ताला तोड़ा गया है और दरवाजा खुला है। पीडीएस दुकान में ग्राम के सरपंच, पंच और ग्रामीण के साथ गया तो देखा शक्कर की सभी बोरी और चावल की बोरी गायब हैं। संचालक अजय राम चौधरी के मुताबिक चोरों ने 14 बोरी शक्कर और 49 बोरी चावल की चोरी कर ले गए है।

## छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंच रहे लोग

# पर्यटकों से गुलजार छत्तीसगढ़ का शिमला मैनपाट



मैनपाट में पर्यटकों की भीड़।



पर्यटकों के लिए सजे टेंट।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

ठंड बढ़ने के साथ ही पर्यटकों से छत्तीसगढ़ का शिमला मैनपाट गुलजार हो गया है। मैनपाट की प्राकृतिक सुंदरता एवं हाड़कंपा देने वाली ठंड का लुत्फ उठाने छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों के पर्यटक रोज पहुंच रहे हैं।

**खास बात**
- लुभा रही टाऊ की खेती, स्थानीय लोगों को मिल रहा रोजगार

इस बार मध्य नवम्बर से ही सरगुजा में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। ठंड शुरू होने के साथ ही मैनपाट में पर्यटकों की आवाजाही बढ़ गई है तथा छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों में बड़ी संख्या में पर्यटक रोज पहुंच रहे हैं। छत्तीसगढ़ के जिन क्षेत्रों में कम ठंड पड़ती है उन क्षेत्रों से अधिक पर्यटक सपरिवार पहुंचकर मैनपाट की ठंड का लुत्फ उठा रहे हैं। पर्यटन के नक्शे में पहचान बनाने के बाद मैनपाट में अब सालोभर पर्यअकों की मौजूदगी रहती है लेकिन ठंड बढ़ने पर यहां का नजारा ही बदल जाता है तथा पर्यटन स्थलों एवं सड़कों पर चारों तरफ पर्यटकों की भीड़ दिखाई देती है। पर्यटकों को मैनपाट में टाऊ की फसल खासतौर पर आकर्षित कर रही है। पर्यटक टाऊ की फसल देखने खेतों में पहुंच रहे हैं तथा किसानों से इसकी खेती के तरीके विपणन एवं उपयोग की जानकारी लेने के साथ ही दुकानों से इसकी खरीदी भी कर रहे हैं। पर्यटकों को पर्यटन स्थल उल्टा पानी, जलजली एवं जलपरी झरना जमकर भा रहा है। युवाओं ने इन पर्यटन स्थलों पर मनोरंजन, घुड़सवारी एवं साहसिक खेलों का आयोजन किया है। पर्यटक इन स्थलों पर साहसिक खेलों एवं घुड़सवारी का आनंद ले रहे हैं। अब मैनपाट में वैवाहिक समारोह आयोजित करने के प्रति लोगों की रूचि बढ़ी है। बड़ी संख्या में लोग पर्यटन विभाग मोटल एवं निजी होटलों में वैवाहिक समारोह आयोजित कर रहे हैं।

**होटल-मोटल फुल**

पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होने के साथ ही मैनपाट में होटल व्यवसाय की संभावनाएं बढ़ी है। मैनपाट में आसपास के लोगों ने बड़े-बड़े होटल बनवाए हैं। वर्तमान में यहां एक दर्जन से अधिक होटल संचालित है जबकि पर्यटन विभाग के दोनो रिसॉर्ट पिछले एक पखवाड़े से फुल चल रहे हैं। होटल-रिसोर्ट फुल होने के कारण पर्यटक आसपास के ग्रामीणों के घर में पेइंग गेस्ट बनकर कर रहे हैं। पर्यटकों की आवाजाही बढ़ने के बाद गांवों में होम स्टे की सुविधा नए व्यवसाय के रूप में तेजी से विकसित हो रहा है। ग्रामीण अपने घरों में ही पर्यटकों के लिए अलग-अलग कमरे बनाए है। पर्यटक ग्रामीण वातावरण में ठहरना अधिक पसंद कर रहे हैं। कई ग्रामीणों ने पर्यटकों के लिए झोपड़ी एवं मिट्टी की दीवार वाले कमरे बनाए हैं जो पर्यटकों को पसंद आ रहा है।

**जगह-जगह लगे टेंट**

पर्यटकों के रात्रि विश्राम के लिए युवा उद्यमियों ने पर्यटन स्थलों के पास खुले मैदान में टेंट लगाए हैं। उद्यमियों द्वारा इन स्थलों पर बिजली, पानी के साथ ही अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की गई है। इन कैंपों में निवासरत पर्यटकों के मनोरंजन के लिए प्रतिदिन स्थानीय कलाकारों द्वारा सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दी जा रही है। महिला स्व सहायता समूहों द्वारा उल्टा पानी में पर्यटकों को स्थानीय व्यंजन परोसा जा रहा है। युवा उद्यमियों ने पर्यटकों के लिए पर्यटन स्थल मेहता प्वाइंट, ग्राम झुनिया एवं कैंप नं.1 में खुले मैदान में टेंट की कॉलोनी सजाई गई है जहां देर रात तक उत्सव का माहौल रहता है।

**लगातार पहुंच रहे पर्यटक**

ठंड बढ़ने के बाद पर्यटकों की संख्या में वृद्धि हुई हैं तथा हर दिन 500 से अधिक पर्यटक पहुंच रहे हैं। पर्यटन विभाग के दोनो रिसोर्ट पिछले एक पखवाड़े से फुल चल रहे हैं। पर्यटकों की आवाजाही से स्थानीय लोगों को भी रोजगार मिल रहा है।

-भानु राजवाड़े
सहायक प्रबंधक, पर्यटन

## कंडराजा के बाद अब सपनादर में शुरू हुआ बॉक्साइट खदानों का विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मैनपाट के कंडराजा में बॉक्साइट खनन को लेकर हुई जनसुनवाई में भारी विरोध के बाद अब सपनादर में होने वाली जनसुनवाई को लेकर विरोध शुरू हो गया है। स्थानीय लोगों ने इस पर्यावरणीय जन सुनवाई को लेकर विरोध जताते हुए एसडीएम, तसीलदार, थाना प्रभारी के नाम ज्ञापन सौंपा है।

- कैबिनेट मंत्री ने कहा- ग्राम सभा के प्रस्ताव के बाद ही होगा उत्खनन

बता दें कि मैनपाट के कंडराजा और सपनादर में बॉक्साइट उत्खनन के लिए मेसर्स कुदरगढ़ी स्टील्स प्रा. लि. कंपनी को भूमि लीज पर दी गई है। कंडराजा में 30 नवंबर को बॉक्साइट खदान खोलने के लिए पर्यावरणीय जनसुनवाई हुई। कंडराजा में 135.223 हेक्टेयर क्षेत्र में बॉक्साइट खनन प्रस्तावित है। रविवार को हुई जनसुनवाई के दौरान भारी विरोध दर्ज कराया गया और महज 112 लोग ही इसमें शामिल हुए। हालांकि इस दौरान खदान खुलने का विरोध करने वालों को प्रशासन ने अवांछित तत्व बताया है। कंडराजा के बाद अब क्षेत्र के सपनादर में भी खदान के लिए जन सुनवाई 2 दिसम्बर को आयोजित की गई है। इसे लेकर स्थानीय लोगों ने विरोध शुरू कर दिया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि गांव की जमीन देने के लिए कोई ग्राम सभा तक आयोजित नहीं की गई है। गांव कि 171.136 हेक्टेयर भूमि खनन के लिए कंपनी को दी गई लेकिन सोमवार को दोपहर 3 बजे तक जनसुनवाई के लिए कोई अधिसूचना तक जारी नहीं की गई। किस-किस खसरा नम्बर की जमीन दी जा रही है इसकी जानकारी नहीं है। सपनादर को छोड़कर कमलेश्वरपुर में सुनवाई हो रही है ताकि ज्यादातर ग्रामीण इस जनसुनवाई में शामिल ही ना हो सके।

**नुकसान नहीं करेंगे बर्दाश्त : राजेश**

मैनपाट में बॉक्साइट खदान को लेकर चल रहे विरोध के बीच प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल का बयान भी आया है। मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा है कि कहीं कहीं विकास के लिए कुछ काम जरूरी होते है लेकिन अगर लोगों का विरोध है तो उनकी भी राय ली जाएगी। पर्यटन के क्षेत्र में हम किसी भी प्रकार का नुकसान बर्दाश्त नहीं करेंगे। बॉक्साइट बहुमूल्य धातु है और विकास के लिए निकालना भी आवश्यक है, इसके लिए ग्रामीणों की मांगों को लेकर सहमती बनाते हुए काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मैनपाट में पिछले 30-35 सालों से बॉक्साइट उत्खनन हो रहा है मुझे नहीं लगता उत्खनन से पर्यटन या पर्यावरण को नुकसान होगा फिर भी ग्राम सभा से प्रस्ताव पास होने के बाद खुदाई का काम होगा।

## रामचंद्रपुर धान खरीदी केंद्र बदलने पर किसानों ने किया चक्का जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज



धान खरीदी केंद्र रामचंद्रपुर में जगह कम होने और भारी वाहनों के आवागमन में समस्या

- कतहसीलदार ने समझाइश देकर समाप्त कराया जाम

होने के कारण कालिकापुर कुरशा नाला के पार नए स्थान पर शिफ्ट किया गया है। अधिकारी नवीन स्थल को सुविधाजनक और धान खरीदी के लिए बेहतर बता रहे हैं लेकिन समिति की जगह बदलने से किसानों में भारी नाराजगी है।

किसानों का कहना है कि नया केंद्र पुराने स्थान से लगभग 3 किलोमीटर दूर और जंगल के इलाके में है तथा हाथियों के विचरण क्षेत्र है। इससे धान बेचकर लौटते समय किसानों को भय का सामना करना पड़ेगा। पुराने खरीदी केंद्र में पर्याप्त सुविधाएं है तथा किसानों की पहुंच के लिए सामान है। प्रशासनिक निर्णय को किसान हितों के विरूद्ध बताया जा रहा है। समिति स्थल में बदलाव करने से नाराज किसानों ने रामचंद्रपुर-रामानुजगंज-सनावल मार्ग पर विरोध प्रदर्शन करते हुए चक्का जाम कर दिया जिससे दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना पर तहसीलदार और नायब तहसीलदार मौके पर पहुंचे और समझाइश देकर चक्का जाम समाप्त करवाया। किसान अभी भी अपनी मांग पर अड़े है तथा पुराने स्थल पर धान खरीदी शुरू नहीं करने पर पुनः चक्का जाम करने की चेतावनी दी है। किसानों का कहना है कि धान खरीदी के लिए कई टोकन कट चुके हैं, जिनमें कुछ निरस्त भी हुए हैं और नए टोकन धारक किसान धान बेचने में असमर्थ है। नए स्थान पर खरीदी प्रक्रिया सुचारू नहीं हो रही है, जिससे किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## जगतपुर में जमीन विवाद पर दो गुटों में संघर्ष

### डॉक्टरी मुलाहिजा में देरी होने से कानूनी कार्रवाई अटकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

लटोरी चौकी क्षेत्र के ग्राम जगतपुर में रविवार को जमीन संबंधी पुरानी रंजिश अचानक हिंसा में तब्दील हो गई। दो पक्षों के बीच हुई मारपीट से पूरे गांव में तनाव का माहौल हो गया,घटना के बाद घायल ग्रामीण जब उपचार और एमएलसी के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लटोरी पहुंचे,तब वहां एक और चौंकाने वाला मामला उजागर हूआ,ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर राजेश साव अस्पताल से नदारद थे।

सीएचसी लटोरी में पहुंचे पीड़ितों को बिना इलाज और बिना मेडिकल परीक्षण के मायूस होकर वापस लौटना पड़ा। डॉक्टर की गैरहाजिरी से पूरी कानूनी प्रक्रिया अटक गई,गौरतलब है कि लटोरी चौकी अंतर्गत ग्राम जगतपुर में रविवार को जमीन संबंधी विवाद पर प्रार्थी प्रवेश कुशवाहा पिता रामप्रसाद कुशवाहा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका भाई सुरेश कुशवाहा व नरेश कुशवाहा के अलावा भतीजा रूपेश कुशवाहा द्वारा जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की गई है और नरेश कुशवाहा द्वारा प्रार्थी को दांत से भी काट लिया गया है, वहीं दूसरी तरफ प्रार्थी नरेश कुशवाहा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई है कि भाई प्रवेश कुशवाहा के अलावा प्रमोद, विनोद,उत्तम देवी द्वारा जान से मारने की धमकी देकर मारपीट किया गया है,दोनों पक्ष की रिपोर्ट पर पुलिस ने जब घायलों को लटोरी सीएचसी में एमएलसी हेतु भेजा तो वहां पर ड्यूटीरत चिकित्सक राजेश साव कार्यस्थल से नदारद थे,जिससे पीड़ित पक्षों का मेडिकल मुलायजा नहीं हो सका,सोमवार को जब पुनः पीड़ित पक्षों को लेकर लटोरी पुलिस सीएचसी पहुंची,तब दूसरे चिकित्सकों ने एमएलसी करने से मना कर दिया,उनका कहना था कि जो चिकित्सक ड्यूटी पर थे वही एमएलसी करेंगे,पीड़ितों और ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग की इस लापरवाही की शिकायत सीधे प्रशासनिक अधिकारियों तक पहुंचाई,सोमवार की सुबह होते होते पूरे मामले ने तूल पकड़ लिया,जिसके बाद सीएमएचओ डॉ कपिलदेव पैकरा,एसडीएम शिवानी जायसवाल,बीएमओ डॉ अमित भगत ने मामले में संज्ञान लिया,अधिकारियों के निर्देश मिलते ही अस्पताल स्टाफ हरकत में आया,और अंततः दोनों पक्षों का एमएलसी कराया गया,इसके बाद लटोरी पुलिस ने दोनों तरफ से दर्ज शिकायतों के आधार पर काउंटर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है,इस पूरे प्रकरण ने सुरजपुर जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल खोल कर रख दी है,ग्रामीणों का कहना है कि डॉक्टरों का ड्यूटी से नदारत रहना अब आम बात हो चुकी है,स्थानीय लोगों का आरोप है कि रविवार को अधिकांश डॉक्टर ड्यूटी से गायब रहते हैं,दवा,डॉक्टर,परीक्षण कुछ भी समय पर नहीं मिल पाता है।क्षेत्रवासियों ने डॉ राजेश साव की ड्यूटी में अनुपस्थिति को गंभीर लापरवाही बताते हुए विभाग से तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

**ड्यूटी में अनुपस्थित मिले चिकित्सक को नोटिस जारी**

ड्यूटी से नदारद रहने वाले चिकित्सक राजेश साव को बीएमओ डॉ अमित भगत द्वारा विभागीय उच्चाधिकारियों के निर्देश पर कारण बताओ नोटिस जारी कर दो दिन के भीतर जवाब मांगा गया है,जिसके जवाब मिलने उपरांत अग्रिम कार्यवाही करने की बात विभागीय अधिकारियों द्वारा कही जा रही है।

## पेड़ से टकराई श्रद्धालुओं की बोलेरो, एक की मौत, चार गंभीर

**अम्बिकापुर।** कुदरगढ़ स्थित माता वागेश्वरी देवी का दर्शन कर वापस घर लौट रहे श्रद्धालुओं की बोलेरों रविवार को अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। दुर्घटना इतनी भीषण थी बोलेरों के आगे का हिस्सा चकनाचूर हो गया तथा वाहन में आगे बैठे एक श्रद्धालु की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

- कुदरगढ़ देवी का दर्शन करने सिंगरौली से आए थे 8 श्रद्धालु



रविवार को सुबह सीमावर्ती सिंगरौली जिलान्तर्गत ग्राम कुम्हिया के एक ही परिवार के 8 सदस्य बोलेरो क्रमांक एमपी 61 ए 6119 से कुदरगढ़ पहाड़ी पर स्थित माता वागेश्वरी देवी का दर्शन-पूजन करने पहुंचे थे। देवी का दर्शन-पूजन करने के बाद श्रद्धालु देर शाम ओड़गी-बिहारपुर के रास्ते वापस ग्राम कुम्हिया लौट रहे थे। देर होने के कारण चालक तेज गति से वाहन चला रहा था। बोलेरो जैसे ही ओड़गी से आगे पहुंची बांक स्थित खतरनाक मोड़ पर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे महुआ पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बोलेरो के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए तथा सवार चीखने-चिल्लाने लगे। शोर सुनकर घटनास्थल पर पहुंचे लोगों ने पुलिस को सूचना दी। इस दौरान गंभीर चोट लगने के कारण बोलेरो में आगे बैठे सतीश ठाकुर की घटना स्थल पर ही मौत हो गई थी तथा शव वाहन में फंस गया था। पुलिसकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला एवं घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजवाया। स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों ने सतीश ठाकुर को मृत घोषित कर दिया वहीं गंभीर रूप से घायल चार सवारों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। दुर्घटना में सभी वाहन सवारों को चोटें आई हैं लेकिन तीन को सिर एवं छाती में गंभीर चोटें आने के कारण स्थिति खतरनाक बताई जा रही है। दुर्घटना की सूचना पर मृतक व घायलों के परिवार में कोहराम मच गया है तथा सूचना मिलते ही परिजन सूरजपुर जिला चिकित्सालय पहुंच गए है।

## अवैध रेत उत्खनन व परिवहन करते पाए जाने पर 5 ट्रैक्टर जब्त

**बलरामपुर।** कलेक्टर राजेन्द्र कटारा ने जिले में खनिज के अवैध उत्खनन को रोकने के लिए उत्खनन करने वालों पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं खनिज विभाग के अधिकारियों को दिए हैं। जिसके तहत राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा अवैध उत्खनन करने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जा रही है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व वाड्रफनगर के मार्गदर्शन में संयुक्त टीम द्वारा अवैध उत्खनन व परिवहन करने वालों कार्यवाही की गई है। प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम बसंतपुर के अंतर्गत लेदो नदी में 3 ट्रैक्टर एवं कैलाशपुर 2 ट्रैक्टर में अवैध रूप से रेत का उत्खनन व परिवहन किया जा रहा था, जिसे तहसीलदार एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जांच किया गया। जांच में सही जानकारी उपलब्ध नहीं कराने पर तीन ट्रैक्टर को जब्त कर पुलिस थाना बसंतपुर तथा 2 ट्रैक्टर को वाड्रफनगर चौकी को सुपुर्द किया गया है।

## जंगली सूअर के शिकार के लिए लगाए गए हाई वोल्टेज तार के जाल में फंसकर युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मैनपाट से पिकनिक मनाकर लौटे युवक की मौत करेंट की चपेट में आने से हुई थी। जंगली सूअर का शिकार करने ले लिए लगाए गए फंदे में फंसकर युवक ने अपनी जान गंवा दी जिसके बाद शिकारियों ने उसके शव को उठाकर कुएं में फेंक दिया था। पुलिस ने इस मामले में जांच उपरान्त तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

बता दें कि दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम कुम्हरता निवासी 27 वर्षीय हरेन्द्र सिंह आ. बुद्धदेव 23 नवंबर को अपने साथियों व स्कूली बच्चों के साथ मैनपाट पिकनिक मनाने गया था लेकिन वह पिकनिक मनाकर वापस नहीं लौटा था। परिजन लगातार युवक की तलाश कर रहे थे। इस दौरान उसने साथियों ने मृतक के परिजन को बताया था कि शाम को मैनपाट से लौटने के बाद हरेंद्र सिंह को उन्होंने गांव में छोड़ दिया था। परिजन ने इस मामले में पुलिस से शिकायत की थी जिसके बाद



पुलिस गुमशुदगी का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही थी। इसी बीच 25 नवम्बर की देर शाम हरेंद्र सिंह का भाई घर से 150 मीटर की दूरी पर स्थित कुएं से मवेशियों के लिए पानी लेने गया था जहां उसे कुएं में एक शव नजर आया। ऐसे में उसने ग्रामीणों और पुलिस को मामले की सूचना दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शव को बाहर निकाला जिसके बाद मृतक की पहचान हरेन्द्र सिंह के रूप में की गई। पुलिस ने 26 नवंबर को पीएम उपरांत शव परिजन के सुपुर्द किया था। इधर पीएम रिपोर्ट में करेंट से जलने के कारण मौत की पुष्टि होने के बाद पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान पुलिस ने संदेह के आधार पर गांव के बुधवार सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल करते हुए अपने साथी बलराम सिंह, मदन सिंह के साथ मिलकर जंगली सूअर के शिकार हेतु खेत में जीआई तार की मदद से 11 हजार वोल्ट के खंभे से अवैध हुकिंग कर तरंगित फंदा लगाने की बात कही। इसी तरंगित तार के फंदे में फंसकर 23 नवम्बर की रात 8.30 बजे हरेंद्र सिंह की मौत हो गई थी। इधर खेत में हलचल होने व तेज आवाज आने पर तीनों आरोपी जब मौके पर पहुंचे तो हरेंद्र सिंह मृत पड़ा हुआ था। पकड़े जाने के डर से आरोपियों ने शव को उठाकर 500 मीटर दूर कुएं में फेंक दिया। पुलिस ने इस मामले कुम्हरता निवासी 65 वर्षीय बुधवार सिंह आ. जयमंगल सिंह, 50 वर्षीय मदन सिंह आ. बसंत साय, 55 वर्षीय बलराम सिंह आ. देवन सिंह को जीआई तार सहित अन्य सामान बरामद करने के साथ ही उन्हें बीएनएस की धारा 105, 238, 3(5) एवं विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत गिरफ्तार किया गया है।

## कलश यात्रा के साथ 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ, उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

शांति कुंज हरिद्वार की टोली एवं गायत्री परिवार के संयुक्त तत्वावधान में मां भगवती शर्मा जन्म शताब्दी पर राष्ट्र जागरण शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ 1 दिसम्बर से हाई स्कूल साक्षरता मिनी स्टेडियम में आरंभ हुई। पंडित श्रीराम शर्मा, भगवती देवी शर्मा के दिव्य एवं सूक्ष्म संरक्षण में ईश्वरीय योजना हमारी ऋषि प्रणीत भारतीय संस्कृति के उत्थान हेतु 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के शुभारंभ के पहले दिन सोमवार को प्राचीन राम मंदिर ठाकुर बाडी से गाजे बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई जिसमें



नगर सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। नगर भ्रमण पश्चात कलश यात्रा यज्ञ स्थल पहुंची जहां कलश स्थापना किया गया। 2 दिसंबर की प्रातः 7 बजे देव पूजन 12 बजे भोजन महा प्रसाद एवं दोपहर 2 बजे कार्यकर्ता गोष्ठी 4.30 बजे से प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन होगा। 3 दिसम्बर की प्रातः 8 बजे गायत्री महायज्ञ एवं विविध संस्कार शाम 5 बजे माता भगवती की जन्मशती प्रज्ञा पुराण कथा एवं दीप महायज्ञ आयोजित होगी। 4 दिसंबर की प्रातः 8 बजे गायत्री महायज्ञ एवं गुरू दीक्षा विवाह संस्कार, नामांकरण मुंडन विद्या आरंभ यज्ञोपवीत आदि विविध संस्कार का आयोजन होने उपरांत पूर्णाहुति एवं टोली विदाई के साथ महायज्ञ सम्पन्न होगी।



# माधुरी ने तोड़ी अपनी इमेज पहली बार इतना डार्क किरदार

**नई दिल्ली।** माधुरी दीक्षित पिछले 40 सालों से मनोरंजन जगत में अपनी चमक बरकरार रखे हुए हैं। हर दशक में उन्होंने खुद को नए अंदाज में पेश किया है चाहे वह अभिनय हो, नृत्य, या चुनौतियों से भरी भूमिकाएं। अब वह डिज्नी+हॉटस्टार की वेब सीरीज 'मिसेज देशपांडे' में नजर आएंगी, जहां वह एक निगेटिव किरदार निभा रही हैं जो उनके लंबे और शानदार कॅरियर में बहुत कम देखने को मिला है। माधुरी ने कहा, हर दशक की अपनी एक पहचान रही है। कई फिल्में थीं जिन्होंने मुझे आगे बढ़ाया। मैंने हमेशा कुछ अलग करने की कोशिश की है, और खुद को चुनौती दी है। लेकिन इस दशक की बात करूं तो मेरे लिए 'मिसेज देशपांडे' वही भूमिका है। ऐसा किरदार मैंने पहले कभी नहीं निभाया.'पुकार' में एक लड़की थी जो नासमझी में गलती कर बैठती है। लेकिन, यहां कोई मासूमियत नहीं है। वह जानती है कि वह क्या कर रही है, बहुत सोच-समझकर, परतदार और दिलचस्प ढंग से।

लाइफ Style

# सामंथा
## राज निदिमोरु से की गुपचुप शादी

साउथ की फेमस एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु ने दूसरी शादी कर ली है। उन्होंने 'द फैमिली मैन' के निर्माता राज निदिमोरु से तमिलनाडु के कोयंबटूर में सद्गुरु के ईशा योग सेंटर में गुपचुप शादी की, जिसमें कपल के सिर्फ करीबी दोस्त ही शामिल हुए। उन्होंने फोटोज सोशल मीडिया पर शेयर की हैं।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इस सिंपल सी शादी में सामंथा ने लाल रंग की साड़ी पहनी है और सात फेरों की 5 तस्वीरें शेयर की हैं। सामंथा रुथ प्रभु ने राज निदिमोरु संग शादी करने के बाद सोशल मीडिया पर वेडिंग फोटोज शेयर की हैं। पहली तस्वीर में राज उनकी उंगली में अंगूठी पहना रहे हैं। सामंथा जहां लाल रंग की साड़ी में हैं। वहीं, राज ने सफेद रंग का कुर्ता-पजामा और हल्के भूरे रंग की जैकेट पहनी है। साल 2010 में तमिल फिल्म 'विन्नैथांडी वरुवाया से सामंथा ने डेब्यू किया था। कुछ साउथ की फिल्में करने के बाद सामंथा ने साल 2012 में प्रतीक बब्बर की बॉलीवुड मूवी 'एक दीवाना था' में कैमियो किया था। लेकिन आज तक किसी भी बॉलीवुड फिल्म में बतौर लीड एक्ट्रेस एक्टिंग नहीं की है। लेकिन, 15 साल के करियर में वह कई तमिल और तेलुगु भाषा की फिल्मों में लीड रोल कर चुकी हैं। इनमें से कई फिल्में हिंदी में डब होकर आईं। जिसके कारण हिंदी पट्टी में भी सामंथा की फैन फॉलोइंग बढ़ गई। इस लिस्ट में कई फिल्में शामिल हैं। जैसे साल 2021 में एसएस राजामौली ने ईगा नाम से एक तेलुगू फिल्म बनाई। इस फिल्म की हीरोइन सामंथा थीं। इस फिल्म को हिंदी पट्टी के दर्शकों ने भी काफी पसंद किया था। सामंथा ने कम समय में ही साउथ फिल्म इंडस्ट्री में अपने लिए जगह बना ली। वह कई नामी एक्टर्स के साथ फिल्मों में हीरोइन के तौर पर नजर आईं।




## हॉलीवुड मसाला



# अवतार- फायर एंड ऐश रिलीज के लिए तैयार

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के दिग्गज निर्देशक जेम्स कैमरून एक बार फिर दुनिया भर में सिनेमाघरों को नए स्तर पर ले जाने के लिए तैयार हैं। अवतार यूनिवर्स का अगला अध्याय 'अवतार फायर एंड ऐश' इस साल की सबसे बड़ी ग्लोबल रिलीज मानी जा रही है। फिल्म को लेकर पिछले कई महीनों से दुनिया भर में जो एक्साइटमेंट बनी हुई थी, वह अब भारतीय दर्शकों के बीच भी देखने को मिल रही है। 19 दिसंबर को रिलीज होने वाली इस फिल्म की एडवांस बुकिंग को लेकर अपडेट सामने आया है। भारत में 5 दिसंबर से एडवांस बुकिंग आधिकारिक रूप से शुरू होने जा रही है। खास बात यह है कि आईमैक्स और डोल्बी विजन फॉर्मेट्स के लिए बुकिंग की तैयारियां पहले से ही की जा रही हैं। 19 दिसंबर को रिलीज होने जा रही यह फिल्म भारत में कुल 6 भाषाओं- अंग्रेजी, हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में उपलब्ध होगी।



# चल रही थी शूटिंग सुपरस्टार ने तोड़ा दम

**नई दिल्ली।** 'टायरोन पावर' 1940 और 50 के दशक का वह दिलकश सितारा था जिसे लाखों लोग रोमांस और एडवेंचर फिल्मों में देख दीवाने हो जाते थे। 15 नवंबर को घटी एक घटना ने न सिर्फ एक सुपरस्टार की जिंदगी खत्म कर दी, बल्कि हॉलीवुड को भी झकझोर दिया। टायरोन पावर फिल्म 'सोलोमन एंड शीबा' की शूटिंग कर रहे थे। एक भव्य युद्ध दृश्य की रिहर्सल चल रही थी। हाथ में तलवार, सामने कलाकार, आसपास कैमरे और दर्जनों क्रू मेंबर थे। दृश्य में जान डालने के लिए वे पूरे जोश से तलवारबाजी कर रहे थे। अचानक उनकी चाल लड़खड़ाई पहले किसी को लगा कि यह सीन का हिस्सा है। लेकिन, कुछ ही पलों में पावर जमीन पर गिर पड़े। सेट पर सन्नाटा छा गया। उन्हें तुरंत उठाकर एंबुलेंस में ले जाया गया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उनकी धड़कन थम चुकी थी। डॉक्टरों ने साफ कहा, 'वह यहां पहुंचने से पहले ही जा चुके थे।' पावर सिर्फ 44 साल के थे। टायरोन पावर के जाने का शोक लोगों ने तो मनाया, लेकिन सिस्टम आगे बढ़ गया-बिना रुके, बिना ठहरे। उनकी कहानी हॉलीवुड इतिहास की सबसे ट्रैजिक कहानियों में गिनी जाती है। उनका अंत उतना ही नाटकीय था, जितना उनकी फिल्मों के दृश्य। रूमानियत और एडवेंचर का ब्लेंड जो पर्दे पर दिखा वही दबे पांव उनके जीवन को भी निगल गया।



# बॉर्डर 2 से दिलजीत का दमदार लुक रिवील

**मुंबई।** फिल्म 'चमकीला' में अपनी अभिनय से दर्शकों पर छाप छोड़ने वाले दिलजीत दोसांझ जल्द ही फिल्म 'बॉर्डर-2' से दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। फिल्म में दिलजीत का पहला लुक सामने आ चुका है। फिल्म में दिलजीत दोसांझ भारतीय वायुसेना के बहादुर फ्लाइंग ऑफिसर निर्मलजीत सिंह सेखों का किरदार निभा रहे हैं, जिन्होंने 1971 में पाकिस्तानी लड़ाकू विमानों को नष्ट कर दिया था। उनका लुक काफी प्रभावशाली दिख रहा है। दिलजीत दोसांझ ने 'बॉर्डर-2' से अपना पहला लुक शेयर किया है, जिसमें वह बड़ी मूछों और जोश भरे चेहरे के साथ लड़ाकू विमान में बैठे नजर आ रहे हैं। वह खून से लथपथ हैं। एक यूजर ने तारीफ करते हुए लिखा, "बॉर्डर 2 से आपकी पहली झलक वाकई कमाल की है। 23 जनवरी 2026 को लॉन्च के लिए बिल्कुल सही समय है। भारत माता की जय।



# जलसा के बाहर फिर लगा फैंस का जमावड़ा

**मुंबई।** अमिताभ बच्चन के फैंस को उनकी एक झलक पाने का बेसब्री से इंतजार रहता है। यही वजह है कि बिग बी ज्यादातर रविवार को अपने मुंबई स्थित बंगले जलसा के बाहर अपने फैंस से मिलने आते हैं। बीते रविवार को भी बिग बी ने फैंस से मुलाकात की और साथ ही इस पल को सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया और एक इमोशनल नोट भी लिखा। अमिताभ बच्चन ने अपने एक्स (ट्विटर) हैंडल पर एक पोस्ट शेयर किया। इस पोस्ट में बिग बी ने फैंस के साथ अपनी मुलाकात के पल की एक खास तस्वीर शेयर की। इसके साथ उन्होंने अपने फैंस के लिए लिखा, 'T 5582- मुस्कुराहटें जो मुझे जीने देती हैं और अस्तित्व में लाती हैं।' इसके साथ ही बिग बी ने यह भी लिखा कि फैंस की यह खुशी ही उन्हें आगे काम करने की ताकत देती है। अमिताभ बच्चन कई प्रोजेक्ट्स पर काम कर रहे हैं।

## टीवी मसाला




# दीया और बाती हम की एक्ट्रेस विंध्या ने जोधपुर में रचाई शादी

**नई दिल्ली।** 'दीया और बाती हम', 'ससुराल सिमर का', 'नागिन 2' और 'कुल्फी कुमार बाजेवाला' जैसे कई शोज में काम कर चुकीं विंध्या तिवारी ने 25 नवंबर को आशीष लोहरा के साथ शादी कर ली। एक्ट्रेस ने जोधपुर में आशीष लोहरा से शादी की। इसके बाद उन्होंने समारोह की कई खूबसूरत तस्वीरें शेयर कीं, जिनमें वह गुलाबी लहंगे में बेहद खूबसूरत लग रही हैं और आशीष भी अपनी दुल्हन के साथ खूब जंच रहे हैं। खूबसूरत फोटोज शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा- हमारे साथ जश्न मनाया, शुभकामनाएं भेजीं, या हमारी शादी के दिन को यादगार बनाने में मदद की: तहे दिल से शुक्रिया। हम शादीशुदा हैं और इतने प्यार से घिरे इस नए अध्याय की शुरुआत करके बेहद खुश और धन्य महसूस कर रहे हैं। हमेशा के लिए शुभकामनाएं! विंध्या ने मुस्कुराते हुए बताया कि शादी के बाद पहली सुबह उठते ही दुनिया कैसी लगी। उन्होंने इसे भगवान हनुमान का आशीर्वाद बताया और बताया कि सब कुछ सपने जैसा लग रहा था। उन्होंने कहा- यह अवास्तविक है। यह खूबसूरत है। मुझे लगता है कि जब मैं शादी के बारे में नहीं सोच रही थी, तब यह बस हो गया। प्रार्थनाओं और चमत्कारों में विश्वास रखने वाली विंध्या ने कहा कि उनके जीवन का हर दिन रोमांचक है। उन्होंने कहा- लोग कहते हैं कि शुरुआती दौर रोमांचक होता है, लेकिन मैं टाल देती हूं। मेरा जीवन हमेशा से रोमांचक रहा है। मेरा जीवन बहुत जादुई है।

# मौनी को महीनों बाद देख उड़े सबके होश

**नई दिल्ली।** मौनी रॉय को अक्सर पपाराजी के लिए पोज देते देखा जाता है। इस बार उनके साथ उनकी दोस्त भी थीं जिनके बारे में फैंस पूछताछ कर रहे हैं। एक्ट्रेस ने फिटेड ब्लैक स्कर्ट और व्हाइट शर्ट पहनी थी। उन्होंने इसे टाई और



ब्लैक हील्स के साथ पेयर किया था। कुछ सेलेब्रिटीज को अपना ग्लैमर दिखाने के लिए रेड कार्पेट की जरूरत नहीं होती और मौनी रॉय इसका एक बेहतरीन उदाहरण हैं। बीती शाम उन्हें मुंबई की सड़कों पर जलवे बिखेरने के बाद एक वेन्यू से निकलते हुए देखा गया। कैमरे उनके पीछे-पीछे चल रहे थे, लेकिन मौनी यूं ही आगे नहीं बढ़ीं, बल्कि इंतजार करती रहीं और फोटोग्राफर्स को 'हाय' कहा। मौनी रॉय अपनी कार की ओर जाने से पहले फोटोग्राफरों को पोज दे रही थीं, अपनी मुस्कान के साथ वो काफी देर तक रुकी रहीं। उन्होंने न केवल सोलो पोज दिए, बल्कि अपनी दोस्त को भी फ्रेम में बुलाया। एक्ट्रेस ने फिटेड ब्लैक स्कर्ट और व्हाइट शर्ट पहनी थी। उन्होंने इसे टाई और ब्लैक हील्स के साथ पेयर किया था। लेकिन लोगों ने जिसके बारे में पूछना शुरू कर दिया वो थीं उनकी दोस्त। मौनी रॉय आखिरी बार 'द भूतनी' में नजर आई थीं, जिसमें पलक तिवारी, संजय दत्त और सनी सिंह भी थे।

# आखिरी दिनों में वे बहुत कष्ट में थे धर्मेंद्र को याद कर हेमा की छलकीं आंखें

**मुंबई।** धर्मेंद्र इस दुनिया में नहीं रहे। सोमवार 24 नवंबर को उन्होंने 89 वर्ष की आयु में दुनिया को अलविदा कह दिया। प्राइवेट तरीके से देओल परिवार ने अभिनेता का अंतिम संस्कार मुंबई के पवन हंस श्मशान घाट पर किया। बॉलीवुड के ही-मैन की अंतिम यात्रा में परिवार के अलावा कई फिल्मी हस्तियां भी पहुंचीं। मगर, फैंस अपने चहेते सितारे के अंतिम दर्शन नहीं कर सके। हाल ही में हेमा मालिनी ने जल्दबाजी में हुए धर्मेंद्र के अंतिम संस्कार पर चुप्पी तोड़ी है और उनके आखिरी दिनों के बारे में बात की है।



### क्यों किया गया जल्दबाजी में अंतिम संस्कार?

हेमा मालिनी ने इस दौरान जल्दबाजी में प्राइवेट तरीके से हुए अभिनेता के अंतिम संस्कार के फैसले पर भी बात की। उन्होंने कहा कि धर्मेंद्र हमेशा से चाहते थे कि उन्हें मजबूत देखा जाए। परिवार वाले भी उन्हें कभी कमजोर या बीमार न देखें। उनके आखिरी दिन बहुत दर्दनाक थे और उन्हें लगा कि फैंस को उन्हें उनकी पूरी ताकत के साथ याद रखना चाहिए न कि उनके दुख के साथ। फिर उन्होंने बहुत दुख के साथ कहा कि उन्हें अफसोस है कि उनके फैंस को उन्हें आखिरी बार देखने का मौका नहीं मिला।

### काश फॉर्महाउस पर मिल पाती

फिल्ममेकर हमाद अल रेयामी ने धर्मेंद्र के निधन के बाद हाल ही में हेमा मालिनी से मुलाकात की। उन्होंने लिखा है कि हेमा मालिनी के साथ मुलाकात के बाद उन्होंने एहसास हुआ कि वे कितनी गहरी उदासी में जी रही हैं। हेमा को अपने हमसफर धर्मेंद्र के साथ ज्यादा समय नहीं बिता पाने का अफसोस है। हेमा मालिनी ने अपनी कांपती आवाज में रेयामी के सामने कहा कि काश वे दो महीने पहले की तरह धर्मेंद्र से फॉर्महाउस पर मिल पातीं। साथ ही हेमा मालिनी ने कहा कि आखिरी दिनों में धर्मेंद्र सेहत की वजह से बेहद कष्ट में थे।

### दुख को छिपाने की कोशिश करती रहीं

निर्माता हमाद अल रेयामी ने लिखा है, 'शोक के तीसरे दिन मैं मशहूर आर्टिस्ट हेमा मालिनी से मिलने गया, जो दिवंगत सुपरस्टार धर्मेंद्र की पत्नी हैं। यह पहली बार था, जब मैं उनसे आमने-सामने मिला था। हालांकि मैंने उन्हें पहले भी कई बार दूर से देखा था, लेकिन इस बार कुछ अलग था। यह एक दुखद अवसर था, ऐसा दुख जो लगभग समझ से बाहर है। मैं कितनी भी कोशिश कर लूं, मैं उनके साथ बैठा और मैं उनके चेहरे पर एक अंदरूनी उथल-पुथल देख सकता था जिसे वे पूरी तरह छिपाने की कोशिश कर रही थीं'।

# वी शांताराम की बायोपिक में नजर आएंगे सिद्धांत

**मुंबई।** भारतीय फिल्म निर्माता, फिल्म निर्देशक और अभिनेता वी शांताराम की बायोपिक में सिद्धांत चतुर्वेदी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। सोमवार को निर्माताओं ने फिल्म का एक खास पोस्टर शेयर किया है। जिसमें सिद्धांत का लुक फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। इस फिल्म के पहले पोस्टर में सिद्धांत चतुर्वेदी धोती, कुर्ता, कोट और टोपी पहने स्टाइलिश अंदाज में पोज देते नजर आ रहे हैं। सिद्धांत के पीछे एक चील और खुला आसमान दिखाई दे रहा है। इस पोस्टर के साथ निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'भारतीय सिनेमा को नया रूप देने वाला विद्रोही बड़े पर्दे पर वापस आ गया है।' फिल्म के पोस्टर को लेकर सिद्धांत के फैंस ने अपनी राय पेश की है। एक फैन ने लिखा, 'मुझे पहले से ही यकीन है कि आप इसमें भी अच्छा प्रदर्शन करेंगे शुभकामनाएं', एक और फैन ने लिखा, 'सिद्धांत भाई आप बहुत गजब लग रहे हो।'

### कौन थे वी शांताराम

शांताराम राजाराम वणकुद्रे का जन्म 18 नवंबर 1901 को हुआ। वी. शांताराम को प्यार से लोग शांताराम बापू कहते थे। वह एक भारतीय फिल्म निर्माता, फिल्म निर्देशक और अभिनेता थे। उन्हें 'अमर भूपाली', 'झनक झनक पायल बाजे', 'दो आंखे बारह हाथ', 'नवरंग', 'दुनिया न माने' और 'पिंजरा' जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। उन्होंने 1927 में अपनी पहली फिल्म 'नेताजी पालकर' को निर्देशित किया था।



### फिल्म के बारे में

*यह फिल्म वी शांताराम की बायोपिक है। इस फिल्म में सिद्धांत चतुर्वेदी मुख्य भूमिका निभाएंगे। यानी अब फैंस अभिनेता-फिल्म निर्माता वी शांताराम के असाधारण जीवन को बड़े पर्दे पर देख सकेंगे। इस फिल्म को अभिजीत शिरीष देशपांडे ने लिखा और निर्देशित किया है। इस फिल्म का निर्माण राहुल किरण शांताराम, सुभाष काले और सरिता अश्विन वर्दे मिलकर कर रहे हैं। यह फिल्म निर्माता वी. शांताराम के जीवन और उनके अविश्वसनीय काम पर आधारित होगी। कथित तौर पर फिल्म में तमन्ना भाटिया और फरदीन खान जैसे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आ सकते हैं।*

## साइकोलॉजिकल क्राइम थ्रिलर और सस्पेंस का भी होगा मजा

# इस हफ्ते रिलीज होंगी कॉमेडी और थ्रिलर से भरपूर फिल्में और सीरीज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिसंबर महीने का पहला सप्ताह शुरू हो गया है। सिनेमाघरों में जहां दर्शकों को 'धुरंधर' का इंतजार है। वहीं, ओटीटी पर सिनेमा का लुत्फ उठाने वालों के लिए भी यह सप्ताह काफी खास होने वाला है। इस वीक न सिर्फ कॉमेडी का डोज मिलेगा, बल्कि साइकोलॉजिकल क्राइम थ्रिलर और सस्पेंस का भी मजा होगा।

### द बैड गाइज 2

सप्ताह के पहले दिन यानी 1 दिसंबर को 'द बैड गाइज 2' रिलीज गई है। यह अमेरिकी एनिमेटेड कॉमेडी फिल्म इस साल अगस्त में रिलीज हुई थी। अब यह ओटीटी पर आ रही है। इसे जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं।






### औकात के बाहर

सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर एल्विश यादव अब एक्टिंग डेब्यू को तैयार हैं। उनकी डेब्यू सीरीज का नाम 'औकात के बाहर' है। यह दिसंबर के पहले सप्ताह में दस्तक देगी। ठिकाना है अमेजन एमएक्स प्लेयर। इसकी स्ट्रीमिंग 03 दिसंबर से शुरू होगी। एल्विश यादव के अलावा सीरीज 'औकात से बाहर'में मल्हार राठौर, निखिल विजय, हेतल गड़ा, रोहन खुराना, केशव साधना जैसे एक्टर्स भी नजर आए। सभी कॉलेज स्टूडेंट्स के रोल में दिखाई दिए। इस सीरीज को तन्मय रस्तोगी ने निर्देशित किया है।

### कुत्त्रम पुरिंधावन



यह एक तमिल साइकोलॉजिकल क्राइम थ्रिलर सीरीज है। इसमें पशुपति, लक्ष्मी प्रिया चंद्रमौली और अजीत कोशी 'घरवाली-पेड़वाली'। इस सप्ताह की ओटीटी लिस्ट में यह शो भी शामिल है। इसके नाम से ही स्पष्ट है कि यह कॉमेडी से लबरेज होगा। इसे दर्शक 05 दिसंबर से जी5 पर देख सकेंगे। यह शो पृथ्वी मिश्रा उर्फ जीतू की जिंदगी के इर्द-गिर्द है, जिसे जिंदगी में ये श्राप मिलता है कि उसकी हर चीज उसकी जिंदगी में डबल होगी।

### स्टीफन

यह तमिल फिल्म है। यह एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म है, जिसकी कहानी एक किलर पर आधारित है। यह फिल्म 05 दिसंबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

## खबर संक्षेप

### एसआईआर कार्य को गंभीरता से कराएं

**मनेन्द्रगढ़।** दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल की निदेशिका और युवा कांग्रेस नेत्री पूनम सिंह ने मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम को लेकर एक महत्वपूर्ण अपील जारी की है।



उन्होंने कहा कि एसआईआर सिर्फ एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं बल्कि हर नागरिक की पहचान और अधिकार से जुड़ा सबसे अहम पहलू है, जिसे मजाक में लेना आने वाले समय में बड़ी परेशानी का कारण बन सकता है। पूनम सिंह ने बताया कि वर्ष 2025 की सर्वे सूची इसी पुनरीक्षण के आधार पर तैयार होगी और आने वाले वर्षों में मतदान से लेकर सरकारी योजनाओं, प्रमाण-पत्रों और दस्तावेजों में भी यही अद्यतन सूची महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि यदि तय समय-सीमा में लोग अपने परिवार के सदस्यों के फॉर्म भरकर जमा नहीं कराते और बीएलओ उन्हें ऑनलाइन अपडेट नहीं कर पाते हैं तो कई लोग भविष्य में मतदाता सूची से बाहर हो सकते हैं, इससे ना केवल मतदान का अधिकार प्रभावित होगा बल्कि कई सरकारी सुविधाएं भी बाधित हो सकती हैं। पूनम सिंह ने जिले के नागरिकों को प्रेरित करते हुए कहा कि यह सिर्फ एक फॉर्म नहीं बल्कि आपका अधिकार, आपकी पहचान और भविष्य की तैयारी है। समय निकालें, परिवार और आसपास के लोगों के फॉर्म भरवाएं और उन्हें बीएलओ तक पहुंचाएं। अंत में उन्होंने कहा कि आज का आपका छोटा सा कदम, कल की बड़ी दिक्कतों से आपको बचा सकता है।

### अस्पताल में शुरू हुई फिजियोथेरेपी सेवा

**रामानुजगंज।** नगर के लोगों के लिए एक बड़ी और राहत की खबर सामने आई है। जिला प्रशासन तथा विष्णु दित्य राज के विशेष प्रयासों से अब रामानुजगंज के 100 बिस्तर अस्पताल में फिजियोथेरेपी सेवा की शुरुआत हो गई है। इससे पहले यह सुविधा यहां उपलब्ध नहीं थी,जिस कारण मरीजों को इलाज के लिए अंबिकापुर या रायपुर जाना पड़ता था। अब स्थानीय स्तर पर ही फिजियोथेरेपी सुविधा शुरू होने से लोगों को समय और पैसे दोनों की बचत होगी। खास तौर पर बुजुर्गों, दुर्घटनाग्रस्त मरीजों, नसों की जकड़न, कमर दर्द, घुटनों के दर्द, सर्वाइकल, साइटिका और ठंड के मौसम में होने वाली जोड़ों की समस्याओं से जूझ रहे मरीजों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। अस्पताल के फिजियोथेरेपिस्ट विजय सिंह ने बताया कि फिजियोथेरेपी के माध्यम से दवाइयों के बिना भी कई प्रकार के दर्द और शारीरिक समस्याओं से राहत मिल सकती है। उन्होंने बताया कि नियमित थेरेपी से मरीजों की कार्यक्षमता बढ़ती है और वे जल्दी सामान्य जीवन में लौट पाते हैं। फिजियोथेरेपी इकाई प्रतिदिन सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक 100 बिस्तर अस्पताल परिसर में संचालित की जा रही है। मरीज मात्र 10 रुपये शुल्क की पर्ची बनवाकर यहां इलाज करा सकते हैं, जिससे यह सेवा आर्थिक रूप से भी सभी के लिए सुलभ बनी हुई है। स्थानीय नागरिकों ने इस पहल के लिए जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों सराहना करते हुए कहा कि यह सुविधा क्षेत्र के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करेगी ।

## पृष्ठ 1 का शेष

### कन्या शाला का स्पेस लैब बना...

का केन्द्र है। बच्चे और शिक्षक/शिक्षिकाएं इसके माध्यम से चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग प्रक्रिया को थ्री डी अनुभव के साथ देखते हुए अत्यंत आनंदित होते हैं। यह स्पेस लैब नई पीढ़ी को प्रेरित कर रही है ताकि वे भविष्य में अंतरिक्ष वैज्ञानिक, इंजीनियर, टेक्नोलॉजिस्ट अथवा शोधकर्ता बनने की दिशा में आगे बढ़ सकें। विद्यालय प्रशासन ने उम्मीद जताई कि यह परियोजना जिले में विज्ञान एवं अंतरिक्ष अनुसंधान के प्रति रुचि को और अधिक प्रोत्साहित करेंगी।

### सप्लाईकर्ता कंपनी लॉक कर हुई गायब

# अस्पतालों में धूल फांक रही 58 सीबीसी मशीनें

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

स्वास्थ्य केन्द्रों में मरीजों की जांच के लिए खरीदी गई सीबीसी मशीनों को चालु करने की दिशा में अब तक कोई पहल नहीं हो सकी है। करोड़ो रुपए खर्च कर खरीदी गई 58 मशीनें आज भी स्वास्थ्य केन्द्रों में धूल फांक रही है। बड़ी बात यह है कि इन मशीनों को सप्लाईकर्ता कंपनी ने ही लॉक कर दिया है। मशीनें लॉक होने से लोगों को अस्पताल में जांच सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है और मरीजों को मजबूरन निजी क्लिनिक में जाकर अपनी जांच करानी पड़ रही है। हैरानी की बात तो यह है कि वस्तुस्थिति से अवगत होने के बाद भी शासन प्रशासन की ओर से अब तक इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की जा सकी है।

**खास बात**
- मरीजों को नहीं मिल रही जांच की सुविधा

दरअसल स्वास्थ्य केन्द्रों में आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए शासन द्वारा निजी कंपनी से अनुबंध कर सीबीसी मशीनों की सप्लाई कराई गई थी। इन आधुनिक मशीनों के माध्यम से कुछ ही देर में मरीज के रक्त जांच की रिपोर्ट उसके हाथ में मिल जाती थी बाद में अचानक ही जिले की अनेको मशीनें बंद हो गई। इसे लेकर अब जो जानकारी सामने आई है उसके मुताबिक प्रदेश भर में सीबीसी मशीन सप्लाई करने वाली कंपनी और शासन के बीच री-एजेंट सप्लाई को लेकर विवाद चल रहा है और इस विवाद के कारण ही कंपनी के लोगों ने लौटते समय ज्यादातर मशीनों में अपना पासवर्ड डालकर लॉक कर दिया है। मशीनों के लॉक होने के बाद इन मशीनों में जांच पूर्ण रूप से बन्द हो गई है। मशीनों में जांच बन्द होने से लोगों अस्पताल में आने वाले मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मरीज मजबूरन निजी क्लिनिक में पैसे देकर अपने ब्लड टेस्ट करा रहे है।



सीबीसी मशीनें।

#### काम कर रही सिर्फ 53 मशीनें

स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार सरगुजा, सूरजपुर और बलरामपुर जिले में कुल 111 सीबीसी मशीनें सप्लाई की गई है। इनमें से वर्तमान में सिर्फ 53 मशीनें ही काम कर रही है जबकि 58 मशीनें बन्द है। सरगुज जिले की बात की जाए तो यहां कुल 34 मशीनें दी गई थी जिनमें से 17 मशीनें चालू है और 17 लॉक हो गई है। सूरजपुर जिले में 47 सीबीसी मशीनें दी गई थी जिनमें से 28 मशीनें चल रही है जबकि 19 मशीनें लॉक है। इसी तरह बलरामपुर जिले में 30 सीबीसी मशीनें सप्लाई हुई और इनमें से सिर्फ 8 मशीनें ही अभी काम कर रही है जबकि 22 मशीनें बन्द पड़ी हुई है।

#### अब तक नहीं हुई पहल

सीबीसी मशीनों के बंद होने की जानकारी स्वास्थ्य विभाग में जिला स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक के अधिकारियों को है। मशीनें अस्पतालों में धूल फांक रही है। अधिकारी भी यह मान रहे है कि मशीनों के बंद होने से लोगों को परेशानी हो रही है और लेकिन अब तक मशीनों को लेकर कोई पहल नहीं हुई। पूर्व में मशीनों के लॉक को खोलने की बात कही जा रही थी फिर बाद में नया टेंडर करने की बात सामने आई लेकिन फिलहाल कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

#### कराया गया है अवगत

शासन को इस विषय में अवगत कराया गया है। मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के हर संभव प्रयास किए जा रहे है। जनता के हित में शासन इसपर जल्द ही सकारात्मक निर्णय लेगी।

-डॉ. अनिल शुक्ला
संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं

# एनएसयूआई, युवा कांग्रेस में महिलाओं की भागीदारी भी हो सुनिश्चित : टीएस

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

युवा कांग्रेस जिला सरगुजा की नवगठित कार्यकारिणी की प्रथम बैठक सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय राजीव भवन आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव शामिल हुए और नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी के सदस्यों को उनका नियुक्ती पत्र भी वितरित किया।

- पूर्व डिप्टी सीएम ने युवा कांग्रेस के पदाधिकारी व सदस्यों को दिया नियुक्ति पत्र

इस दौरान पूर्व डिप्टी सीएम श्री सिंहदेव ने युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि संगठन में आधी आबादी का प्रतिनिधित्व उनके अनुपात में कम है। ऐसे में आधी आबादी की वास्तविक आकांक्षाओं की प्रतिध्वनि स्पष्ट रूप से उभर नहीं पाती। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की राजनीति में शुरुआत के पायदान अर्थात एनएसयूआई और युवा कांग्रेस में आधी आबादी अर्थात महिलाओं की पर्याप्त संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करना होगा तभी आगे चलकर सही अर्थों में एक आधी आबादी का जागरूक जनप्रतिनिधित्व सुनिश्चित होगा। उन्होंने सरगुजा युवा कांग्रेस को इस दिशा में कार्य करने एवं परिणाम सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने कहा कि एनएसयूआई कांग्रेस के राजनीती की नर्सरी और युवा कांग्रेस प्राथमिक पाठशाला है। आप पार्टी का भविष्य हैं और भविष्य की राजनैतिक सफलता इस बात में निहित है कि आप पार्टी की विचारधारा को किस कदर आत्मसात करते हैं।

बैठक को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री द्वितेन्द्र मिश्रा, पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता एवं अम्बिकापुर शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हेमंत सिन्हा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विकल झा ने किया। इस दौरान मो. इस्लाम, इंद्रजीत धंजल, सतीश बारी, प्रितिका विश्वकर्मा, शुभम जायसवाल, विरेन्द्र सिंह, गंगा प्रसाद, उत्तम रजवाड़े, विकास केशरी, आकाश अग्रहरि आदि उपस्थित थे

# न्यायपालिका एवं सूचना का अधिकार विषय पर कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज. डोमनहिल

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोमनहिल में राजनीति विज्ञान विषय के दो महत्वपूर्ण विषय न्यायपालिका एवं सूचना का अधिकार अधिनियम पर अतिथि शिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं अतिथि शिक्षक के रूप में एलएलबी व आरटीआई एक्टिविस्ट राजकुमार मिश्रा उपस्थित रहे। यह सत्र विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती रजनी सोलोमन के मार्गदर्शन तथा राजनीति विज्ञान व्याख्याता के. प्रफुल्ल रेड्डी के संयोजन में कक्षा 11 वीं एवं 12 वीं के विद्यार्थियों के लिए संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित से हुई। इसके पश्चात मुख्य अतिथि का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा, उद्देश्य एवं उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए स्वागत भाषण व्याख्याता श्री रेड्डी द्वारा दिया गया। तत्पश्चात उन्होंने मुख्य अतिथि श्री मिश्रा को कक्षा सौंप दी। अपने शिक्षण सत्र में राजकुमार मिश्रा ने विद्यार्थियों को लोकतंत्र के तीनों अंगों में न्यायपालिका की भूमिका, संगठित न्यायपालिका की संरचना तथा अधीनस्थ न्यायालयों की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। साथ ही उन्होंने सूचना का अधिकार अधिनियम की प्रक्रिया, इसकी शुरूआत कब और कैसे हुई, आरटीआई आवेदन कैसे किया जाता है तथा नागरिकों के लिए इसकी उपयोगिता पर भी विद्यार्थियों को सरल और संक्षिप्त रूप में अवगत कराया। विषय आधारित जानकारी के बाद विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का समाधान मुख्य अतिथि ने धैर्यपूर्वक किया। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि स्कूली जीवन संपूर्ण जीवन का अत्यंत महत्वपूर्ण चरण है। यदि इस समय में मेहनत और लगन से अध्ययन किया जाए, तो आगे यही मेहनत सम्मान और सफलता दिलाने में सहायक होती है। अंत में श्री मिश्रा ने सभी विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के समापन पर आभार प्रदर्शन व्याख्याता के. प्रफुल्ल रेड्डी द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण श्रीमती रंजना बड़ा, श्रीमती पूनम केरकेट्टा, श्रीमती नेहा सिंह, ए. ऐनु सिंह, विवेक वर्मा, गौकरण राजपूत तथा एस. रजक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संदीप तिग्गा का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।



# गिरदावरी एवं डिजिटल क्रॉप सर्वे में संशोधन 15 तक

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

गिरदावरी एवं डिजिटल क्रॉप सर्वे से संबंधित प्रविष्टियों में संशोधन की अवधि को शासन ने एक बार फिर बढ़ा दिया है। पहले यह समय-सीमा 30 नवंबर तक निर्धारित की गई थी, जिसे अब बढ़ाकर 15 दिसंबर तक कर दिया गया है। शासन ने निर्देशित किया है कि सभी संबंधित अधिकारी एवं मैदानी अमला पीवी ऐप के माध्यम से भौतिक सत्यापन उपरांत आवश्यक संशोधन कार्य समय-सीमा के भीतर पूर्ण करें, ताकि सर्वे की प्रविष्टियां शुद्धता के साथ समय पर तैयार की जा सकें। इसके साथ ही कैरीफारवर्ड, डूबान क्षेत्र एवं वन पट्टाधारी कृषकों के पंजीयन के लिए एकीकृत किसान पोर्टल में समितियों को उपलब्ध कराए जाने वाले प्रावधान की अंतिम तिथि भी बढ़ाकर 15 दिसंबर कर दी गई है। पहले इसकी अंतिम तिथि 30 नवंबर निर्धारित थी। शासन द्वारा यह निर्णय किसानों की सुविधा और पंजीयन प्रक्रिया में सुगमता लाने के उद्देश्य से लिया गया है। वर्तमान में इन श्रेणियों के कृषकों के पंजीयन की प्रक्रिया सक्रिय है और सभी समितियों को विस्तारित अवधि के भीतर पात्र कृषकों का पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया है कि विस्तारित समय-सीमा के भीतर सभी आवश्यक कार्रवाई पूर्ण की जाए, ताकि किसी भी किसान को कठिनाई का सामना न करना पड़े। उन्होंने कार्य में तेजी लाने और समयबद्धता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया है।



# 104 हितग्राहियों को 12.48 लाख की राशि हस्तांतरित

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत कोरिया जिले में व्यक्तिगत शौचालय निर्माण कार्य पूर्ण कर चुके 104 हितग्राहियों को प्रोत्साहन राशि के रूप में 12 हजार रूपए प्रति हितग्राही की दर से कुल 12 लाख 48 हजार की राशि डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की गई है। यह राशि जिले की दोनों जनपद पंचायतों के लाभार्थियों को प्रदान की गई है। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशानुसार पात्र हितग्राहियों को व्यक्तिगत शौचालय निर्माण की स्वीकृति दी गई थी। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की जिला समन्वयक ने बताया कि जिले में स्वच्छता को बढ़ावा देने और खुले में शौचमुक्त (ओडीएफ) स्थिति को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से ग्राम पंचायतों की मदद से लाभार्थियों ने निर्धारित मानकों के अनुरूप समय पर शौचालय निर्माण कार्य पूर्ण किया और जनपद पंचायत में कार्य पूर्णता प्रमाणपत्र प्रस्तुत किया। निर्माण कार्यों की जांच के बाद सभी 104 लाभार्थियों के खातों में प्रोत्साहन राशि स्थानांतरित कर दी गई है। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शेष पात्र हितग्राहियों के निर्माण कार्यों का सत्यापन कर समयबद्ध रूप से राशि भुगतान सुनिश्चित करें।



**मरम्मत कार्य आठ माह हो चुके आज तक शौचालय का कार्य पूर्ण नहीं हो सका**

# शहर के बीच शौचालय फिर भी लोगों को नहीं मिल रहा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

चौपाटी एवं पुराना बस स्टैंड स्थित शौचालय के पिछले आठ माह से बंद होने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। हैरानी की बात तो यह है कि शौचालय मरम्मत कार्य शुरू हुए आठ माह हो चुके है बावजूद इसके आज तक मरम्मत पूर्ण नहीं हो सकी। ऐसे में चौपाटी सहित बस स्टैंड आने वाले लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इधर शौचालय अब मात्र शो पीस बनकर रह गई है।

शहर के पुराना बस स्टैंड जहां से बस स्टैंड को कुछ साल पूर्व ही बाईपास रोड के समीप शिफ्ट किया गया है। ऐसे में आज भी पुराना बस स्टैंड में पूर्व की भांति विभिन्न दुकान सहित चौपाटी संचालित है और लोगों की भीड़ होती है। पुराने बस स्टैंड में यात्री बसों के संचालित होने के दौरान एक बड़ा सुलभ शौचालय का निर्माण किया गया था जिसका उपयोग यात्री सहित आसपास के लोग उपयोग करते थे। बस स्टैंड के बाईपास मार्ग के समीप शिफ्ट हो जाने से शौचालय का सही तरीके से देखरेख नहीं होने से जर्जर हो गई। शौचालय के जीण क्षीण हो जाने तथा लोगों को हो रही परेशानी को ध्यान में रखकर आठ माह पूर्व ही पुराने शौचालय का जीर्णोद्धार कार्य शुरू किया गया। हैरानी की बात तो यह है कि पुराना बस स्टैंड में शौचालय मरम्मत का कार्य शुरू हुए आठ माह हो चुके है बावजूद इसके आज तक शौचालय की मरम्मत पूर्ण नहीं हो सकी जिससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि पुराना बस स्टैंड में शौचालय की बंद होने की मुख्य वजह शौचालय का जीर्णोद्धार का काम पिछले आठ महीने से चल रहा है काम अधूरा होने की वजह से शौचालय को दोबारा शुरू नहीं किया गया है जिससे न तो वहां शौच करने की व्यवस्था हो पा रही है न ही बाथरूम करने की। शौचालय के उपयोग नहीं होने से वार्डवासी सहित चौपाटी के लोगों में काफी आक्रोश है।



#### लोगों होती है भीड़

पुराना बस स्टैंड समीप न सिर्फ चौपाटी है बल्कि बल्कि पास ही कई दुकान है जहां हर रोज लोगों की भीड़ होती है। ऐसे में किसी को शौचालय की आवश्यकता हुई तो पुराना बस स्टैंड स्थित शौचालय के बंद होने से लोगों की परेशानी काफी बढ़ जाती है। ऐसे में लोग खुले में जाने को मजबूर हो जाते है।

#### जल्द हो जाएगी शुरू

पुराना बस स्टैंड स्थित शौचालय का मरम्मत किया जा रहा है। ठेकेदार द्वारा काम लगाया गया है। दो चार दिन में काम पूर्ण होने के बाद शौचालय को शुरू कर दिया जाएगा।

-प्रभाकर शुक्ला
मुख्य नगरपालिका अधिकारी

# एसईसीएल प्रबंधक की गाड़ी रुकवाकर युवकों ने कुल्हाड़ी से किया हमला

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर के कुमदा सब एरिया मैनेजर पर सोमवार की दोपहर को जानलेवा हमला का प्रयास किया गया लेकिन सतर्क रहने से वे इस घटना में बाल बाल बच गए हैं,घटना में उनकी सरकारी वाहन को नुकसान पहुंचा है,बताया गया कि कुमदा सहक्षेत्र प्रबंधक अश्विनी चंद्रा सोमवार को अपने सरकारी वाहन क्रमांक सीजी 29 एएच 8369 से खदान से कुम्दा कॉलोनी की तरफ वापस लौट रहे थे,तभी दोपहर करीब सवा दो बजे कुमदा कोल साइडिंग के पास तीन अज्ञात स्कूटी सवार युवकों ने उनके वाहन को रुकवा लिया,इनमें से एक व्यक्ति ने स्कूटी को उनके वाहन के सामने लगा दिया,जबकि दो अन्य बदमाशों ने उन पर लोहे की कुल्हाड़ी से हमला कर दिया,हमले के दौरान सतर्क रहने से वे बाल बाल बच गए लेकिन इस घटना में उनके वाहन का शीशा टूट गया है,हल्ला होने व हंगामा मचने के बाद तीनों बदमाश युवक स्कूटी लेकर मौके से भाग निकले,घटना के बाद सहक्षेत्र प्रबंधक ने उच्चाधिकारियों को मामले की सूचना देकर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही करने की रिपोर्ट बिश्रामपुर थाना में की है,इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी टीआई प्रकाश राठौर ने बताया कि घटना के बारे में शिकायतकर्ता से आवश्यक पूछताछ के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी,बता दें कि एक दिवस पूर्व आरजीके कार्मिक प्रबंधक रेशम लाल के कार पर भी स्कूटी सवार युवकों ने मानी के करीब पथराव की घटना को अंजाम दिया था जिसमें उनके निजी कार के शीशे क्षतिग्रस्त हो गए हैं,आज सोमवार को उन्होंने भी घटना की शिकायत सूरजपुर कोतवाली पुलिस को लिखित में दी है।खदान के अधिकारियों को अपराधियों द्वारा निशाना बनाए जाने की घटना के बाद अधिकारी कर्मचारी सकते में बताए गए हैं,पथराव करने वाले कौन हैं,उनकी क्या मंशा है,यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका है,लेकिन दोनों ही मामलों में स्कूटी सवारों द्वारा घटना को अंजाम देने और तीन युवकों के शामिल होने की बात सामने आई है,घटना में कबाड़ चोरों व नशेड़ी किस्म के युवकों के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है।

- दो दिन में दो कोल अधिकारियों पर हमला, दोनों घटनाओं के बारे में पुलिस में दर्ज कराई गई शिकायत



# जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर केंद्र सरकार कर रही विपक्षी नेताओं को बदनाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

कांग्रेस की वरिष्ठ नेता एवं सांसद सोनिया गांधी, राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोक सभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ नेशनल हेराल्ड केस में दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा द्वारा एफआईआर दर्ज किए जाने को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया।

कांग्रेस अध्यक्ष बाल कृष्ण पाठक के नेतृत्व में कांग्रेस ने पीएम, एचएम, ईडी और ईओडब्ल्यू का सामूहिक रूप से पुतला दहन किया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष श्री पाठक ने कहा कि यह कार्रवाई राजनैतिक दुर्भावनावश की गई है। केंद्र की भाजपा सरकार जांच एजेंसियों का उपयोग अपने अनुसार करके विपक्षी नेताओं को बदनाम कर रही है। नेशनल हेराल्ड केस कोई मामला नहीं है। कांग्रेस ने स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े इस अखबार को आर्थिक संकट से निकाला है। अदानी अंबानी के लाखों करोड़ के कर्जे को माफ करने वाले इस पवित्र काम के लिए कांग्रेस को घेर रहे हैं। सच्चाई यह है कि वोट चोरी, एसआईआर, महंगाई बेरोजगारी जैसे मामलों से ध्यान बंटाने के लिए सरकार उस परिवार को लक्ष्य कर रही है जिसने देश सेवा के लिये अपने प्राणों की आहुति दी है। उन्होंने बताया कि नेशनल हेराल्ड केस के मामले में जांच के बाद सीबीआई ने पूर्व में ही केस बंद कर दिया था। इसके बाद सरकार ने यह मामला ईडी को सौंप दिया था। जांच के नाम पर इस मामले को लंबे समय तक लटकाने के बाद कुछ माह पूर्व ईडी ने इस मामले में दिल्ली की राईज एवेन्यू स्थित ईडी कोर्ट में आरोपपत्र दाखिल किया था।

